दिनांक 20 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर की जनता को सही समय बताने के लिए सुपेला चौक में स्थित घड़ी का आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर किया जा रहा है संधारण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर सुपेला चौक स्थित घड़ी का संधारण कार्य किया जा रहा है! शहर के व्यस्ततम स्थल वाले सुपेला चौक पर स्थित घड़ी को संधारण कार्य किया जा रहा है , जिसे घड़ी चौक के नाम से भी जाना जाता है , यहां पर हजारों लोग दिन भर में गुजरते हैं यह चौक इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यहां पर से एक रास्ता राजधानी की तरफ , दूसरा रास्ता भिलाई स्टील प्लांट के क्षेत्र की तरफ , तीसरा रास्ता गदा चौक लक्ष्मी मार्केट की तरफ तथा चौथा रास्ता राजनांदगांव एवं दुर्ग की ओर जाता है अब इस चौराहा से गुजरने वाले लोगों को सुपेला चौक की घड़ी सही समय बताने के साथ ही अपनी और आकर्षित करने का कार्य करेगी! निगम भिलाई द्वारा संधारण किए जा रहे घड़ी के मशीनों मे नए पुर्जे भी लगाए जा रहे हैं साथ ही इसके आधारभूत संरचना में रंग रोगन , पुताई, शीशा एवं ग्रेनाइट पत्थर लगाने का कार्य भी शामिल है जिससे घड़ी अपनी ओर लोगों को आकर्षित करेगी!
लगभग 5.00 लाख की लागत से बनने वाले इस घड़ी का कार्य एजेंसी अशोक कंपनी द्वारा विगत महीनों से प्रारंभ कर दिया गया है , बारिश पूर्व कार्य पूर्ण होने की संभावना एजेंसी द्वारा जताई गई है अब जल्द ही लोगों को यह घड़ी अपने नए रूप में दिखेगी!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''